हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 27 अप्रैल 2024

04 मतदान करने की शपथ दिलाई



06 सांची के सेंट जेवियर हाई स्कूल के बच्चों ने लहराया ...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2445 | 4240 |
| गेहूं 1544 | 2025 | 3000 |
| चना | 3730 | 5965 |
| मसूर | 4000 | 5900 |
| सोयाबीन | 2500 | 4611 |
| सरसों | 2575 | 5050 |
| धान | 1200 | 3627 |
| तेवड़ा | 3000 | 4831 |

### अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिस पर थाना कोतवाली टीआई मनोज दुबे ने पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित कर टीम को अवैध शराब की पतारसी कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।
थाना कोतवाली पुलिस को शुक्रवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बंगला घाट बेतवा नदी के पास दो नीले रंग की प्लास्टिक की कैन में हाथ भट्टी की महुआ की कच्ची अवैध शराब लेकर निहाल सिंह राजपूत खड़ा है जो अवैध शराब को बेचने की फिराक में है। सूचना मिलने पर थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा तत्काल बंगला घाट बेतवा नदी पर पहुंची। जहां पर एक व्यक्ति दो प्लास्टिक की केन लेकर खड़ा हुआ था जिस नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम निहाल सिंह राजपूत पिता कमल सिंह उम्र 38 साल निवासी के किले अंदर चोपड़ा विदिशा का होना बताया। उक्त दोनों केनो के ढक्कन को खोलकर चेक किया तो दोनों केनो में अवैध कच्ची शराब भरी होना पाया गया।

### अवैध रूप से मुरम ले जा रहे दो डंपर जब्त

**हैदरगढ़।** गुरुवार को अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहे दो डंपरों को खनिज विभाग विदिशा टीम के द्वारा जब्त किया गया है। ग्यारसपुर क्षेत्र में खेतों में डबरी खोद कर अवैध रूप से मुरमा उत्खनन कर ठेकेदार के द्वारा शासन को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। खनिज विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते क्षेत्र में आए दिन पोकलेन मशीन अवैध उत्खनन करती रहती हैं। जब जिला खनिज अधिकारी मेहताब सिंह रावत से इस संबंध में चर्चा करने का प्रयास किया जाता है तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया जाता है। खनिज विभाग के द्वारा दो डंपरों को जब्त कर थाना हैदरगढ़ में खड़ा किया गया। जिला कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य से फोन पर बातचीत की गई तो उन्होंने बताया है कि खनिज अधिकारियों ने यदि डंपरों को पकड़ा है तो उनके विरुद्ध नियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी और जुर्माना की राशि भी वसूली जाएगी।

# मिलीभगत से चल रहा था फर्नीचर उद्योग, हरिभूमि की खबर के बाद करनी पड़ी कार्रवाई, लकड़ी कटर व अवैध फर्नीचर जब्त

लटेरी क्षेत्र में चल रहे कई अवैध फर्नीचर उद्योग नहीं होती कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

वन विभाग की मिलीभगत से अवैध रूप से चल रहे फर्नीचर उद्योग की खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग को आखिरकार कार्रवाई करनी पड़ी। ग्राम पंचायत आनंदपुर में एक अवैध फर्नीचर उद्योग से छोटी आरा मशीन सहित फर्नीचर जब्त किया गया है।

25 अप्रैल की शाम 6 वन मंडल अधिकारी के निर्देशन में दल गठित कर आनंदपुर क्षेत्र के शिव प्रकाश उर्फ पप्पू विश्वकर्मा पुत्र रतनलाल विश्वकर्मा आनंदपुर के



हरिभूमि विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

वन विभाग की मिलीभगत से अवैध रूप से चल रहे फर्नीचर उद्योग, हो रही कटाई

प्रति दिन लाखों का होता है कारोबार वन विभाग की कार्रवाई संदेह के घेरे में

घर सर्च वारंट के आधार पर छापामार कार्रवाई की गई। वन अमला अंदर पहुंचा तो पप्पू विश्वकर्मा मौके पर फर्नीचर बनाते हुए मिला। पप्पू विश्वकर्मा के घर से लकड़ी कास्ट खरीदी, बना फर्नीचर एवं फर्नीचर उद्योग निर्माण के संबंध में पंजीयन, लाइसेंस,



लटेरी। फर्नीचर उद्योग से वन विभाग ने बना हुआ सामान जब्त किया।

संबंधित के पास किसी प्रकार के दस्तावेज नहीं पाए गए। पप्पू विश्वकर्मा अवैध रूप से फर्नीचर उद्योग निर्माण कार्य कई वर्षों से करता आ रहा है। इधर वन विभाग एक कार्रवाई करने के बाद इसको बड़ी कार्रवाई मानकर अपनी पीठ थपथपा रहा है। जबकि लटेरी में अनेक फर्जी उद्योग चल रहे हैं। कुछ दिन पूर्व ही लटेरी के ग्राम पंचायत मुरारिया में अवैध फर्नीचर उद्योग संचालित होने की बात सामने आई थी। परंतु उस मामले में वन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। वन विभाग खुद ही वन माफियाओं को बढ़ाव दे रहा है। कारण जो भी हो उसकी सजा लटेरी के जंगल भोग रहे हैं। विभाग मलाई खा रहा है।

### महंगे दामों पर बिकता है सागौन का फर्नीचर

एक कार्रवाई करने के बाद वन विभाग भले ही अपनी पीठ थपथमा रहा हो, लेकिन यदि वनों को कटने से बचाना है तो ऐसे सभी अवैध फर्नीचर उद्योगों को खत्म करना होगा। क्योंकि इन फर्नीचर उद्योगों के मालिक की अवैध तरीके से सागौन की लकड़ियां खरीदते हैं। लकड़ी महंगे दामों पर बिकने के कारण वनमाफिया जंगलों में घुसकर लकड़ी काटकर ले जाते हैं। वन कर्मियों पर भी हमला कर देते हैं।

### कार्रवाई के दौरान यह सामान जब्त

वन विभाग ने दो ड्रेसिंग, चार नग सेट सोफा फ्रेम, एक बड़ी कटर, छोटी आरी, वसूला, गुनिया ,ड्रिल मशीन, कास्ट चिरान मशीन, रोडर मशीन, इंची टेप आदि अन्य प्रकार की उपयोग में आने वाली सामग्री को जब्त किया है। रेंजर मुकेश कैन द्वारा बताया गया की जंगल में वन सुरक्षा के साथ-साथ अवैध उद्योग फर्नीचर निर्माण कार्यों के ऊपर कार्रवाई जारी रहेगी। लटेरी में कई अवैध फर्नीचर उद्योग संचालित हैं।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने मिशन 10 दिन मेगा इवेंट्स का आयोजन होगा

# घर बैठे वोटः जिले में होम वोटिंग 30 अप्रैल और एक मई को होगी

कलेक्टर ने निर्वाचन संबंधी जानकारियां सांझा कीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में मीडिया से संवाद कर लोकसभा निर्वाचन से संबंधित आवश्यक जानकारियां साझा कीं। कलेक्टर वैद्य द्वारा इस दौरान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। उन्होंने बताया कि जिले के 1341 मतदान केन्द्रों पर कुल 11 लाख छह हजार 123 मतदाता तृतीय चरण के निर्वाचन में मतदान तिथि 7 मई को अपने नियत मतदान केंद्रों पर पहुंचकर सुगमता से मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इस हेतु पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत विदिशा जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से मतदान होगा। इसके लिये जिले के सभी 1341 मतदान केन्द्रों पर सुविधाओं के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मतदान केन्द्रों पर




विदिशा। चुनावी तैयारियों के बारे में मीडिया को जानकारी देते कलेकटर बुद्धेश कुमार वैद्य सहित अन्य अधिकारी।

मतदाताओं की सुविधा हेतु पर्याप्त पेयजल, छांव के लिए टेंट, दिव्यांग मतदाताओं के लिए ट्रायसायकिल, व्हीलचेयर इत्यादि व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके साथ ही 30 अप्रैल और 1 मई को जिले में चिन्हित किए गए 306 दिव्यांग और 85 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इस हेतु गठित दल के द्वारा जिले में चिन्हित किए गए कुल 306 दिव्यांग और 85 प्लस आयु के मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान कराया जाएगा। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विदिशा करेगा शत प्रतिशत मतदान की थीम पर मेगा इवेंट अंतर्गत आयोजित होने वाले दस दिवसीय स्वीप कार्यक्रमों पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने में मीडिया की अहम भूमिका है। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान होता है। लोकसभा निर्वाचन में भी मीडिया बंधुओं से सहयोगप्रद करने की अपेक्षा उनके द्वारा व्यक्त की गई है। एसपी ने जिले के मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से किए जा रहे इंतजामों की विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर सुव्यवस्थित रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न हो तथा शांतिपूर्ण तरह से निडर होकर जिले के समस्त मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके इसके लिए जिले में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल समेत अन्य सुरक्षा दलों की तैनाती की जाएगी।

### 10 दिन होंगे कार्यक्रम

मिशन 10 डेज के मेगा इवेंट्स अंतर्गत 27 अप्रैल को मॉर्निंग एक्टिविटी, 29 अप्रैल को पालक शिक्षक मीटिंग का आयोजन, 30 अप्रैल को बाइक रैली, मशाल रैली, साइकिल रैली, पैदल रैली आयोजन के अलावा 1 मई को सेमिनार, वेबीनार, फन फेयर एवं शपथ आयोजन, 2 मई को मतदाता मनुहार पाती, दस्तक अभियान एवं पीले चावल वितरण, 3 मई को चुनाव पाठशाला, नुक्कड़ नाटक, 4 मई को कार रैली, ट्रैक्टर रैली, 5 मई को कलश यात्रा एवं फन फेयर कार्यक्रम का आयोजन के अतिरिक्त 6 मई को पुलिस विभाग द्वारा मार्च पास्ट डे के रूप में नगर के प्रमुख मार्गो से मार्च पास्ट किया जाएगा।

# कुरवाई पुलिस ने गौ हत्या के आरोपी पर की रासुका की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

विगत दिनों नहर वाले हनुमान मंदिर एवं मुरलीधर मंदिर के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोवंश की हत्या कर अवशेष छोड़ गए थे। घटना के पश्चात नगर में सनसनी फैल गई थी।

एसडीओपी मनीष राज ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए। कथित आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया। कथित आरोपी करीबन 15 दिन से फरार चल रहा था। विशेष पुलिस दल गठित मामले की गंभीरता से जांच की गई इसके बाद कथित आरोपी को विभिन्न धाराओं के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी राजकुमार यादव को फरियादी नितिन पिता बाला प्रसाद रैकवार आयु 25 साल निवासी वार्ड 12 कुरवाई ने रिपोर्ट किया कि अज्ञात व्यक्तियों ने नहर वाले हनुमानजी मन्दिर के पीछे बेतवा नदी के किनारे झाड़ियों के पास एक गाय को काट दिया है। गाय के अवशेष पड़े है सूचना पर गौवंश प्रतिषेध अधिनियम का मामला पंजीबद्ध किया गया।

मुखबिर की सूचना पर संदेही जलाल कुरैशी पिता सईद कुरैशी आयु 25 साल निवासी वार्ड नंबर 14 कुरवाई को पकड़कर पूछताछ की गई। जिसमें उसने जुर्म स्वीकार किया एवं घटना में प्रयुक्त जानवर काटने का हथियार (बका) को जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय कुरवाई पेश किया गया। जिसे न्यायिक अभिरक्षा मे जेल में भेज दिया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए गौ हत्या के आरोपी जलाल कुरैशी पिता सईद कुरैशी पर रासुका की कार्रवाई की गई।

### बदलते मौसम से मंडी व्यापारियों की बढ़ी चिंता

**विदिशा।** सुबह से मौसम के मिजाज बदला हुआ नजर आया। बादल छाए रहे। तेज हवा भी चलीं। इसे में व्यापारियों की हजारों क्विंटल गेहूं की फसल मंडी में बाहर रखी हुई है जिससे व्यापारियों को बारिश की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार मिर्जापुर मंडी में जमीन के रेट यादा होने के कारण जगह आवंटित नहीं हुई है। जिसकी वजह से व्यापारियों को अपना हजारों क्वंटिल गेहूं बाहर ही रखना पड़ता है बिन मौसम बारिश से व्यापारियों की चिंता बढ़ जाती है गेहूं को त्रिपाल से ढ़ंकने के अलावा उनके पास कोई और चारा नहीं रहता मंडी प्रांगण में अगर जगह आवंटित कर दी जाए तो व्यापारियों की परेशानी दूर हो जाएगी।

# रोज 50 टैंकर पानी सप्लाई, सीएम हेल्पलाइन में पहुंच रही शिकायतें



विदिशा। टेंकर आते ही पांच मिनट में खाली हो जाता है। टेंकर आते ही लोग नली डालकर फटाफट पानी खींच लेते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

इस बार औषत से कम बारिश होने के कारण पानी कि किल्लत का सामना शहरवासियों को करना पड़ रहा है।

नगरपालिका के अंतर्गत बंटी नगर में आचार्य कॉलोनी में पाइप लाइन बिछाई गई, लेकिन अभी भी वहां पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। यहां रहने वालों को नगरपालिका के टेंकर से पानी सप्लाई किया जाता है। जिससे उनकी पूर्ति नहीं होती। रोजाना टेंकर न आने की शिकायत भी यहां के लोगों द्वारा बार-बार की गई है। मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। कई वर्षों से रह रहे लोग गर्मी के मौसम में परेशानियों से जूझते हैं। यहां खड़े टेंकर 5 मिनट में खाली हो जाते हैं। वहां के रहवासियों द्वारा बताया गया कि कई दिनों में यहां टेंकर आता है। जिससे पूर्ति नहीं हो पाती। कई बार पार्षद को शिकायत करने के बाद भी हमारी शिकायत का निराकरण नहीं निकल रहा। इसलिए हमने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की है।

### नो एंट्री में भी घुस रहे बड़े वाहन

**विदिशा।** शहर के भीतर भारी वाहनों की एंट्री सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक प्रतिबंधित है। बावजूद इसके दिन के समय भी धड़ल्ले से भारी वाहन शहर में आते जाते नजर आते हैं। गुरुवार दोपहर तो हालात कुछ और ही थे। माधवगंज से बड़े बाजार तक जो सबसे ज्यादा व्यस्ततम मार्ग कहलाता है उसमें एक बड़ा ट्रक जो कोतवाली के पास दिखाई दिया। जिसकी वजह से बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होती रही। इतना ही नहीं यह नगरपालिका के ट्रैक्टर ट्राली की वजह से भी जाम और ज्यादा दुखदाई साबित हो रहा है। हॉस्पिटल रोड पर भी एक ट्रक ने जाम लगा दिया।

### प्रतिमाओं को सुरक्षित रखने ज्ञापन दिया

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** इतिहासकार गोविंद देवलिया अपने साथियों के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रघुवीर चरण जी के प्रयासों से चौक चौराहों पर लगाई गई प्रतिमाओं को सुरक्षित रखने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ने शहर के चौक चौराहे पर जो प्रतिमाएं लगाई गई हैं उनकी देखरेख करने के लिए नगरपालिका को जिम्मा सौंपा जाए। वहीं ज्योति स्तंभ की भी पिछले साल दीवार टूट गई थी जिस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की फोटो लगी हुई थी टूटने के बाद वहां पर फोटो नहीं लगाई गई।

## चोरी का माल खरीदने वाले आरोपियों को दो साल सजा

**विदिशा।** अपर सत्र न्यायधीश राजेश शर्मा ने चोरी का माल खरीदने वाले आरोपियों को दो साल की सजा सुनाई है। शासकीय अभिभाषक दीपक सेन ने बताया है कि फरियादियां पूजा पटेल 10 जून 2021 को ट्रेन से अपने रिश्तेदारों के साथ रीवा जा रही थी। ट्रेन विदिशा स्टेशन से निकली तभी एक लड़का पूजा का बैग लेकर भाग गया। जिसकी रिपोर्ट फरियादिया ने रीवा पहुंचकर जीआरपी थाना रीवा में की। जिस पर से घटनास्थल विदिशा का होने से उक्त रिपोर्ट पुलिस थाना जीआरपी को प्राप्त हुईं। जीआरपी विदिशा ने प्रथम सूचना दर्ज कर जांच प्रारंभ की एवं जांच के दौरान चोरी गए मोबाइल की कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी अरुण सौर निवासी दशहरा मैदान भोपाल पहुंचकर संदेही की तलाशी की जो मौके पर नहीं मिला। इसी दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी बालक से पूछताछ करने पर उसने अपना अपराध करना स्वीकार किया। उसने कुछ सामान अपने साथ के पास होने की बात कही। जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया।

## स्प्रिंगफील्ड स्कूल के बच्चों को बनाया मतदाता जागरूक अभियान का वालेंटियर

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव 2024 के मतदाता जागरूकता अभियान को सहयोग करते हुए संचालक मीनल राणा ने स्प्रिंगफील्ड वल्ड स्कूल में बच्चों को शपथ दिलाई गई। बच्चों को उनके माता पिता को वोट देने के पश्चात उनके साथ फोटो उंगली दिखाते हुए क्लिक करवाना है। उस फोटो के पांच नंबर बोनस देने की घोषणा करने पर बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। बच्चें बहुत उत्साहित हुए तथा सभी बच्चों ने एक स्वर में अपने पालकों को मतदान कराने के लिए प्रेरित करने को कहा। विद्यालय में 600 बच्चे पढ़ते हैं।




## आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर टीकाकरण की जानकारी ली

# मतदान केंद्र और चेकिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर, एसपी और जिला पंचायत सीईओ ने बासौदा विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर मतदाता जागरूकता के कार्यक्रमों में शामिल हुए।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने पचमा के अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र पर किये प्रबंधों एवं एसएसटी दल के द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी अवलोकन किया है। कलेक्टर वैद्य ने बासौदा के राजेंद्र नगर स्थित सीएम राइज स्कूल परिसर में बनाए गए पांचों मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराए



जाने हेतु व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। यहां कलेक्टर वैद्य ने शत प्रतिशत मतदान कराए जाने के संबंध में एसडीएम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। ए स पी दीपक कुमार शुक्ला ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से मतदान केंद्रों पर किए जा रहे प्रबंधन के संबंध में संवाद कर जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने एसएसटी दल के सदस्यों द्वारा संधारित पंजी व निरीक्षण की वीडियो रिकॉर्डिंग के संबंध में भी संवाद कर निर्देश दिए। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने भ्रमण के दौरान पचमा की आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया और यहां बच्चों से संवाद कर आंगनबाड़ी केन्द्रों में आना कैसा लगता है को जाना है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका से कहा कि बच्चों को ग्रीष्मकाल के दौरान किसी भी प्रकार की तकलीफ ना हो का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही समय पर टीकाकरण हो रहा है या नहीं इस ओर भी विशेष ध्यान दें। स्ट्रांग रूम का जायजा कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने बासौदा विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम में किए गए प्रबंधन का जायजा लिया है। पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला ने सुरक्षा के ष्टिकोण से बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। गौरतलब हो की बासौदा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को एलबीएस कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम से ही निर्वाचन सामग्री का वितरण कार्य किया जाएगा और मतदान के उपरांत जिला मुख्यालय पर शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम मशीनें रखी जाएंगे। मतगणना कार्य भी यही संपन्न होगा।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2730
उच्चतम भाव-4575
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-2980
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2289
उच्चतम भाव- 2345
चना
न्यूनतम भाव- 3000
उच्चतम भाव- 6200
मसूर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-6365
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-4600
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-5500
सरसों
न्यूनतम भाव-3700
उच्चतम भाव-5452
उड़द
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-7600
धान
न्यूनतम भाव-2445
उच्चतम भाव-2780
धनिया
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-6150
बटरी
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6400
मूंग
न्यूनतम भाव-7200
उच्चतम भाव-7200

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 23489 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई। यहां उल्लेखनीय है कि इन दिनों रबी सीजन की फसलों की गहाई चल रही है और इस कारण मंडी में आवक भी लगातार बढ़ रही है।

## खबर संक्षेप

### घायल गाय का कराया उपचार



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को दोपहर के समय नामदेव कॉलोनी से सूचना प्राप्त हुई एक गौ माता कई दिनों से बीमार अवस्था में पड़ी हुई। जिसकी सूचना मिलते ही गौ रक्षा मंच के जिला अध्यक्ष विशाल वैष्णव ने डॉक्टर रविंद्र रघुवंशी को बुलाकर नामदेव कॉलोनी पहुंचकर गौ माता का उपचार कराया एवं गौ माता को बोतल लगाई गई। इस दौरान अरविंद राजपूत, प्रकाश जोशी, महेंद्र राजपूत, गोविंद कुशवाहा, ऋतिक भावसार, अखिल भार्गव, अभिषेक जड़िया जसवंत कुशवाहा, शिवम शर्मा का सहयोग रहा।

### कलाबाई का निधन



**गंजबासौदा।** काशीराम रघुवंशी ग्राम आगसौद वालों की माताजी एवं राजा , मिंटू की दादी कलाबाई का गत दिवस निधन हो गया। जिनकी अन्तिम यात्रा निज निवास धर्मकांटा बरेठ रोड से निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

खबर का असर

# लापरवाही पर बस संचालक को मिला नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

शुक्रवार को जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने तिरूपति बस सर्विस के संचालक राहुल सिंघल को नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस में अपना पक्ष रखने की बात कही है। ज्ञात हो कि शुक्रवार को दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र में बसों की छत पर सवारियों को बैठा कर करवा रहे यात्रा नामक शीर्षक से प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की गई थी। जिसको ध्यान में रखते हुए बस संचालक को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि आपकी बस क्रमांक MP 40 P 0191 है जो कि आपके स्वामित्व की यात्री बस है। गत दिवस ग्राम उदयपुर, गंजबासौदा के बीच बस की छत पर सवारियाँ बैठाकर लापरवाही पूर्वक बस यात्रियों की जान को जोखिम में डालकर यात्रा करवाई जा रही थी। इस मार्ग पर यात्री बस में ओव्हरलोड एवं छत पर सवारियाँ बैठाकर वाहन संचालन की पूर्व में भी कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जिसके बाद मौखिक रुप से आपको निर्देशित किया जाता रहा है।

तीन दिवस में उक्त सम्बंध में अपना पक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि में अपना पक्ष प्रस्तुत न करने पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाऐगी। यहां उल्लेखनीय है कि बस संचालक नियमों की अनदेखी कर और जोखिम उठाते हुए बसों की छतों पर भी सवारियों को बैठाकर यात्रा करवा रहे हैं। पिछले कुछ समय में बस चालकों की लापरवाही से हुए अनेक हादसों के बाद भी प्रशासन और बस संचालकों ने सबक नहीं लिया था। हांलाकि इस मामले में खबर प्रकाशित होने पर जिला परिवहन अधिकारी



गिरजेश वर्मा ने आमजन की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए एवं आगामी समय में होने वाले हादसों को ध्यान में रखते हुए बस संचालक को नोटिस जारी कर उससे स्पष्टीकरण मांगा है।

## मतदान करने की शपथ दिलाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई के सौजन्य से आयोजित मतदाता जागरूकता स्वीप गतिविधि के अंतर्गत नवांकुर विद्यापीठ में विद्यालय के सभी शिक्षकगणों व कर्मचारीगणों को मतदान में भाग लेने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल व उच्चतर माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों को प्रश्नोत्तर के माध्यम से मतदान से संबंधित व अन्य विभिन्न प्रकार की जानकारियाँ दी गई तथा उन्हें भी 18 वर्ष की उम्र पूर्ण करने पर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि स्वीप गतिविधि के अंतर्गत विद्यालय में निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### सिटी थाना पुलिस ने की कार्रवाई, सोने की चेन की बरामद

# चेन लूट के मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह का फरार आरोपी पकड़ाया




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

सिटी थाना पुलिस ने पारासरी नदी के पास महिला के साथ हुई चेन लूट के मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने की चेन बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया भारती रघुवंशी उम्र 35 वर्ष निवासी पानी की टंकी के पास अरिहंत विहार कालोनी विदिशा ने पूर्व में सिटी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शाम के समय वह अपनी भाभी के साथ बाजार सामान खरीदने गयी थी। बाजार से लौटते समय पारासरी नदी पुल के पास देशना आभूषण भंडार दुकान के सामने पहुँचीं, तभी पीछे से एक मोटर साइकिल आई जिस पर दो व्यक्ति बैठे थे, जिसमें से एक व्यक्ति ने मेरे गले से सोने की चैन जिसमें दो सोने के पैंडल लगे थे को खींचा और भाग गये। जिसकी रिपोर्ट पीड़िता ने सिटी थाना में दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने धारा 392 भादंवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने पुलिस को आरोपीगणों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर प्रशांत चौबे व एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा विवेचना में साक्ष्यों के आधार पर मुखबिर की सूचना पर विगत दिनों आरोपी विनोद बाल्मिक उम्र 52 साल निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी दशहरा मैदान थाना निशातपुरा भोपाल को डीआईजी बंगला ऑटो स्टेंड के पास से पकड़ा एवं पूछताछ पर आरोपी ने अपने साथी फिरोज उर्फ लोटिया निवासी काजी केम्प भोपाल के साथ घटना को अंजाम देना स्वीकार किया एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल तथा सोने की चेन फरार आरोपी फिरोज उर्फ लोटिया के पास होना बताया गया। आरोपी विनोद बाल्मिक थाना निशातपुरा भोपाल को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था जो न्यायिक अभिरक्षा में है। प्रकरण के शेष फरार आरोपी फिरोज खान उम्र 48 साल निवासी काजी कैम्प बैरसिया रोड भोपाल को थाना कोतवाली देवास द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किया गया था और वह जेल में था। जिसका न्यायालय से प्रोटक्शन वारण्ट जारी कराया गया एवं आरोपी के न्यायालय में उपस्थित होने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। चैन लूट के मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उससे सोने की चेन बरामद की गई। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जो न्यायिक अभिरक्षा में है।

## कलेक्टर ने किया निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

आगामी समय में होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं का जायला लेने शुक्रवार को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला और जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट नगर में आए। इस दौरान अधिकारियों ने क्रिटिकल मतदान केंद्र क्रमांक 94 पचमा में मतदान केन्द्रों का जायजा लिया तथा पचमा के पास बने एसएसटी चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया। इसके बाद प्रशासिनक अमला शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय पहुंचा। जहां पर मतदान दल के रुकने एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तत्पश्चात एलबीएस महाविद्यालय पहुंचे जहां स्वीप गतिविधियों पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसके बाद हरी झण्डी दिखाकर दो पहिया वाहन रैली को रवाना किया गया।



### आसमान में छाए बादल, हुई बूंदाबांदी

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को इलाके में दिन भर बादल छाए रहे और गर्मी का असर भी कम रहा। इन बादलों से शाम को इलाके में बूंदाबांदी शुरू हो गई। तेज गरज चमक के साथ इलाके भर में कहीं तेज बौछारें पडीं, तो कहीं मामूली बूंदाबांदी हुई। इस बारिश से किसानों और नागरिकों को राहत मिल गई, लेकिन खुले में रखा अनाज भीग गया।

## हनुमान चौक पर देर तक लगा रहा जाम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

शुक्रवार को रात्रि के समय हनुमान चौक क्षेत्र में ट्रेक्टर, ट्राली एवं अन्य वाहनों के मार्ग में फंस जाने से जाम लग गया। जिसके चलते शीतला माता मंदिर के आगे तक एवं हनुमान मंदिर के आगे तक वाहनों की लंबी लंबी कतारें लगी रहीं। दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहन चालक देर तक जाम में फंसे रहे और जाम हटने के इंतजार में परेशान होते रहे। वहीं अनेक दो पहिया चालक गलियों में से होकर अपने गंतव्य को रवाना हुए। यहां उल्लेखनीय है कि शादियों का सीजन होने के चलते नगर में यातायात का दबाव अधिक बढ गया है। ग्रामीण अंचलों से लोग नगर में खरीददारी करने आ रहे हैं। लोग अपने दो पहिया, चार पहिया वाहनों को सड़क किनारे खड़े कर खरीददारी करने में जुट जाते हैं। सड़क किनारे वाहन खड़े होने से मार्ग संकीर्ण हो जाता है और जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

### शिवराज सिंह चौहान ने किया नगर में रोड शो, जगह-जगह हुआ स्वागत





**गंजबासौदा।** विदिशा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गत रात्रि को रोड शो करने नगर में पहुंचे। इस दौरान त्योंदा रोड से शुरू हुआ उनका रोड शो त्योंदा रोड, जयस्तंभ चौक, हनुमान चौक, सावरकर चौक होते हुए राजेन्द्र नगर पहुंचा। पूर्व मुख्यमंत्री एवं क्षेत्र के चहेते जनब प्रतिनिधि शिवराज सिंह चौहान के स्वागत में क्षेत्र की जनता बेहद उत्साह में नजर आई। इस दौरान त्योंदा रोड स्थित पुराने बस स्टैंड पर लाडली बहनों के साथ नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, मनोज यादव, नितिन यादव, अनुज यादव, अमृतांशु यादव, योगेन्द्र समैया, अंटू तोमर, मयंक शाह आदि ने उनका भव्य स्वागत किया। इन सभी ने जेसीबी से शिवराज सिंह चौहान के ऊपर पुष्पवर्षा की।

### मुखबिर की सूचना पर आरोपी को चाकू के साथ किया गिरफ्तार

# हत्या के प्रयास में फरार जिला बदर आदतन को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

सिटी थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में फरार जिला बदर का उल्लंघन करने वाले आदतन ईनामी अपराधी को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 2 मार्च 2024 को प्रकाश मालवीय उम्र 45 वर्ष निवासी नसीदपुर वेदनखेडी टपारिया ने सिटी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने कर्मचारी रुपेश अहिरवार, अनिकेत अहिरवार के साथ अपनी मोटर साईकल से ईंट भट्टे की खदान से अपने घर आ रहा था तभी बरबटपुरा के पास रविकांत मलैया और रुपेश गुर्जर ने पुरानी रंजिश के चलते बाइक से पीछे से आकर मुझे रोका और जानसे मारने की नियत से रुपेश गुर्जर ने मुझे पकड़ा और रविकांत मलैया ने कमर से चाकू निकालकर मेरे बाँये तरफ सीने में मारा, जिससे खून निकलने लगा। मेरी लेवर ने बीच बचाव किया दोनों ने मुझे जान से मारने की धमकी दी। जिस पर पुलिस ने धारा 307, 341, 506, 34 भादंवि के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा आदतन अपराधियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये एवं प्रकरण के आरोपीगणों पर दो-दो हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सिटी थाना में एक टीम गठित की गई।

गत दिवस मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर अनावेदक रविकांत मलैया बेदनखेडी टपरिया में पुलिया के पास मेन रोड पर कोई वारदात करने के उद्देश्य से खड़ा है। जिसके पास अवैध रुप से एक लोहे का चाकू (छुरा) रखे हुए है। टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा एवं आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक चाकू




मिला। आरोपी को जिला दण्डाधिकारी के आदेश के पालन में जिला विदिशा एवं जिला विदिशा के सीमावर्ती जिला भोपाल, रायसेन,गुना , सागर, अशोकनगर, राजगढ जिले की राजस्व सीमाओं से 1 वर्ष की कालावधि हेतु निष्काषित किया जाने का आदेश पारित किया गया था। जिसका अनावेदक द्वारा उल्लंघन किया गया जाने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट एवं 14,15 म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 एवं 188 भादवि का पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी संजीव कुमार चौकसे, लक्ष्मण डाबर, भूपेन्द्र चौबे, राकेश रावत, अभिषेक मोर्य का सराहनीय सहयोग रहा।

# मतदान प्रकिया समझाने बनाई मतदान वर्णमाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार के छात्र, छात्रा छात्राओं द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान प्रक्रिया समझाने के उद्देश्य से नूतन नवाचार करते हुए मतदान वर्णमाला स्वर और व्यंजन के माध्यम से बनाई गई। जो निश्चित ही सामान्य जनो को मतदान करने हेतु प्रेरित करने में सहायक होगी। शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन मे छात्र छात्राओ, शिक्षक और ग्राम की कुछ छात्राओं ने यह मतदान वर्णमाला बनाई। जिसका प्रदर्शन सभी के समक्ष करते हुए सर्वप्रथम शाला प्रभारी ने छात्र, छात्राओं से बनाई गई मतदान वर्णमाला में से उनके अर्थ पूछे गए।

जैसे ई का अर्थ देविका गुप्ता ने ईवीएम बताया जिससे मतदान किया जाता है, उ का मतलव मोनिका अहिरवार ने बताया उम्मीदवार, अं का ज्योति कुशवाह ने अंगुली बताया जिसमे स्याही लगाई जाती है, क का अर्थ ग्रामवासी वंदना ने मतदान के समय मतदाताओं की कतारें या लाइन बताया जो चुनाव के लिए लगाई जाती है, ग का मतलव शाला प्रभारी ने गोपनीय बताया हमारा मत गुप्त रहता है, हमने किसे वोट दिया है, किसी को बताना नही चाहिए। च का अर्थ नीरज अहिरवार ने चुनाव बताया जो 17 मई को है, ड



का अर्थ छाया लोधी ने डर बताया हमे बगैर डरे मतदान करना चाहिए ,प का अर्थ ग्रामवासी ऊषा अहिरवार पहचान पत्र बताया जिसे दिखाने पर मतदान किया जाता है ब का मतलव आरती अहिरवार ने बूथ लेबल आफिसर बताया जो अधिकारी पोलिंग बूथ पर चुनाव कराने आते है ,व का अर्थ शिक्षिका रानी रघुवंशी ने वीवीपैट बताया इलेक्ट्रोनिक बोटिंग मशीन, ह का अर्थ शिक्षक गोपालदास अहिरवार ने हेल्पलाइन नम्बर बताया जो चुनाव आयोग द्वारा जारी किया जाता है। र का मतलव कॉलेज छात्रा आरती अहिरवार ने रेम्प बताया जो विकलांग मतदाताओं को वोट डालने तीन पहिए की साइकिल पर ले जाने के लिए बनाया जाता है। शाला प्रभारी प्रथ्वीसिंह रघुवंशी ने सभी से अनिवार्य मतदान का आव्हान करते हुए छात्र छात्राओं से कहा कि उनके द्वारा बनाई गई मतदान वर्णमाला स्वर व्यंजन की जानकारी अपने घर परिवार मोहल्ले को दिखाकर समझाऐ और मतदान करने पोंलिग बूथ पर 7 मई को अवश्य भेजें।

### चुनाव संचालन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता और नेताओं में भारी आक्रोश

# कांग्रेस प्रत्याशी हेलीकॉप्टर से पहुंचकर कर रहे सभा फिर भी नहीं जुटा पा रहे भीड़

### *अभी भी कांग्रेस का नेता और कार्यकर्ता नाराज, क्षेत्र में कांग्रेस के प्रचार-प्रसार के झंडे, बैनर व दीवार लेखन गोल*



**कार्यकर्ताओं ने लगाया आरोप :- चुनाव संचालक कार्यकर्ता और नेताओं को निपटा रहे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरोंज

सागर-सिरोंज संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी चन्द्र भूषण सिंह बुदेला उर्फ गुड्डू राजा के क्षेत्र में हेलीकॉप्टर से दौरे होने के बाद भी वह न तो कांग्रेस नेताओं को एकत्रित कर पर रहें और न ही उनकी नुक्कड सभाओं में आम जनता पहुंच रही। सिरोंज क्षेत्र में कांग्रेस का चुनाव संचालन कागजों में चल रहा है। जमीनी स्तर पर प्रचार-प्रसार जीरो दिखाई दे रहा है। पूरे क्षेत्र में कांग्रेस का न तो एक बैनर दिखाई दे रहा और न किसी प्रकार के झंडे व पम्पलेंट। कार्यक्रमों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण नदारद रहते दिखाई दे रहें है और न ही कोई कांग्रेस कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में कोई दिलचस्पी लें रहे। आखिर ऐसा क्या है जो कि संगठन में इतनी खींचतान हो रही है। कांग्रेस का नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस के चुनाव कार्यलय तक नहीं पहुंच रहा है।

#### हेलीकॉप्टर द्वारा आए नेता, फिर भी नुक्कड़ सभा हुई फेल

कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा कांग्रेस के स्टार प्रचारक कुनाल चौधरी ग्राम कालादेव पहुचें। उक्त कार्यक्रम में लटेरी,आनन्दपुर के कांग्रेस नेता नदारद रहें। जब कार्यक्रम में कोई कांग्रेस नेता नहीं पहुचें तो कार्यकर्ता का पहुंचना भी मुश्किल हुआ। जबकि स्थिति यह थी कि लटेरी,आनन्दपुर में कांग्रेस के दिग्गज नेता अपने अपने घर बैठे रहे। उन नेताओं को कार्यक्रम के लिए किसी का भी बुलावा नहीं आया। वहीं ग्राम कालादेव में हैलीकाप्टर की आम सभा फैल होने के बाद स्टार प्रचारक कुनाल चौधरी हैलीकाप्टर से जब कार्यक्रम स्थल पहुंचे तो वहा का नजारा देखकर बहुत दुखी हुए और काफी नाराज हो गए। श्री चौधरी ने अपने समर्थकों से कहा कि इस कार्यक्रम की जब यह स्थिति थी तो मुझे पहले ही क्यों नहीं बताया मैं यहां आता ही नहीं। जब ग्राम कालादेव में हैलीकाप्टर उतरा तो वहां हैलीपैड पर उपस्थित कांग्रेस के बफादार कार्यकर्ता को भी अंदर नहीं जाने दिया। जिस पर कार्यकर्ताओ ने कहा कि भाजपा के एजेंटो को अंदर बुला लिया गया और हमें अंदर क्यों नहीं बुलाया गया। इसको लेकर काफी देर तक बहस बाजी चलती रही। लेकिन फिर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। इसी तरह कांग्रेस प्रत्याशी गुडडू राजा एंव स्टार प्रचारक सुरेन्द्र चौधरी हैलीकाप्टर से जब ग्राम मुगलसराय पहुचें तो वहां का नजारा भी अलग ही देखा गया। मुगलसराय में भी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष,नगर अध्यक्ष,युवा कांग्रेस की टीम सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण नदारद रहें और यहा पर भी हैलीकाप्टर का कोई जादू नहीं चल पाया और यहां की भी आमसभा असफल हो गई। मुगलसराय में आयोजित कार्यक्रम में स्थिति यह थी ग्राम का एक भी कांग्रेस कार्यकर्ता वहा मौजूद ही नहीं था। यह हालात देखकर स्टार प्रचारक सुरेन्द्र चौधरी भी दुखी हो गए।

#### कांग्रेस के ब्लॉक व नगर अध्यक्ष के अलावा युवा कांग्रेस की टीम भी गोल

इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय में ब्लॉक व नगर कांग्रेस की गतिविधिया शून्य है और वह स्वंय भी कही दिखाई नही दे रहें। नगर में कांग्रेस के झण्डें,बैनर गोल है वही ग्रामीण क्षेत्रो का भी यही हाल है। जब हरिभूमि टीम ने यह जानने की कोशिश की तो सूत्रो से जानकारी प्राप्त हुई कि कांग्रेस के दोनो अध्यक्षों को जो जिम्मेदारी कांग्रेस कार्यालय द्वारा मिलना थी। वह जिम्मेदारी उन्हें नहीं दी गई और न ही उन्हें किसी भी कार्यक्रम में सम्मान के साथ बुलाया जा रहा। इसी तरह युवा कांग्रेस की सिरोंज विधानसभा में बहुत जोरदार टीम है। लेकिन उक्त टीम को भी कोई जिम्मेदारी व सम्मान नहीं मिलने के कारण वह टीम भी लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार से दूरी बना रही है।

#### आखिर कार्यकर्ता और नेता क्यों हो रहें है चुनाव से दूर

जब हरिभूमि टीम ने कांग्रेस के दिग्गज नेताओ से अलग अलग मिलकर चर्चा की तो कांग्रेस नेताओ ने बताया कि चुनाव संचालन में चार पांच लोगों की टीम ऐसी हाबी है कि वह किसी को जुडने नहीं दे रही है। वह टीम नही चाहती कि कोई भी कांग्रेस का नेता और कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में जुड़ सके।

#### विधानसभा प्रत्याशी गगनेन्द्र रघुवंशी से थी उम्मीद

विधानसभा चुनाव में गगनेन्द्र रघुवंशी ने एक अच्छा चुनाव लडा और क्षेत्र की जनता ने भी दिल से उनका साथ दिया। सिरोंज के कुछ ही कांग्रेस नेता एंव कार्यकर्ताओ ने रात दिन महनत की वह टीम भी गगनेन्द्र रघुवंशी की टीम थी। लेकिन लोकसभा चुनाव आते से ही कांग्रेस नेता गगनेन्द्र रघुवंशी कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी गुड्डू राजा के साथ चुनाव प्रचार में पहुंच गए और जिन कार्यकर्ता और नेताओं ने गगनेन्द्र रघुवंशी का चुनाव में साथ दिया था उन कार्यकर्ताओं को रघुवंशी ने एक बार भी लोकसभा चुनाव के लिए नहीं बुलाया। कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता और नेताओं ने कहा कि हमारे नेता तो गगनेन्द्र रघुवंशी थे लेकिन उन्होने हमें इस लायक ही नहीं समझा कि लोकसभा चुनाव के लिए हम लोगों को सम्मान के साथ बुलाया जाए। आगामी विधानसभा चुनाव में यदि गगनेन्द्र रघुवंशी को पुनः टिकट मिलता है तो उनकी खास टीम उनसे ही दूर चली जाएगी।

#### जिला कांग्रेस अध्यक्ष भी नाराज

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी जमीन से जुडें हुए नेता हैं। कांग्रेस के ऐसे संकट के समय में भी वह पार्टी व संगठन को लेकर चल रहें है। लेकिन सिरोंज विधानसभा में मोहित रघुवंशी द्वारा रात दिन कार्य करने के बाद भी सिरोंज के कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा जो प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। उसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी का नाम आखिरी कोने पर दिया गया। इससे वह तो दुखी हुए ही साथ ही उनके समर्थको ने भी इस बात का काफी विरोध किया और कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी का नाम आखिर क्यों सबसे आखिर में दिया गया। इस घटना के बाद कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव से दूरियां बना ली। इसी तरह मीडिया को लेकर भी चुनाव कार्यालय द्वारा भेदभाव बरता जा रहा है। जिससे मीडियाकर्मियों में भी अच्छा खासा आक्रोश देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओ का कहना है कि चुनाव कार्यालय द्वारा प्रेस नोट जारी करकर कार्यकर्ताओ को दूर किया जा रहा है जो नेता प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रहें है वह यह चाहते ही नहीं है कि इस चुनाव में कांग्रेस का कार्यकर्ता काम करें।

## फसल के भुगतान की मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

### 25 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ किसानों की फसल का भुगतान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरोंज

सी.सी.बी बैंक परसौरा सोसायटी पर किसानों द्वारा तुलाई गई फसल का भुगतान न होने को लेकर स्वास्थ्य,महिला एंव बाल विकास जिला पंचायत सभापति एंव वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मण रघुवंशी ने तहसील कार्यालय पहुचकर तहसीलदार संजय चौरसिया को एक ज्ञापन सौपतें हुए बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र की सी.सी.बी. बैंक परसौरा सोसायटी पर किसानों द्वारा तुलाई गई फसल का भुगतान 25 दिन बीत जाने के बाद भी नही हो पाया है। सरकार द्वारा किसानों की फसल की तुलाई के 7 दिवस के अंदर भुगतान करने का नियम है, किसानों द्वारा सी.सी.वी. बैंक के केडिट कार्ड जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है और कई किसानों के घरों में विवाह कार्यक्रम भी हैं। भुगतान में विलम्ब होने के कारण कई किसान ओवरड्यू हो सकते हैं जिससे उनपर अतिरिक्त व्याज लग जाएगा। उन्होने मांग करते हुए कहा कि सी.सी.वी. बैंक परसौरा सोसायटी पर अहीरखेड़ी स्थित वेयरहाउस पर किसानों द्वारा दी गई अपनी फसल का भुगतान अतिशीघ्र कराया जाए। यदि 3 दिवस के अंदर किसानों की राशि का भुगतान नहीं हुआ तो किसानों धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगें।



## कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने रहली देवरी के विभिन्न मतदान केंद्रों को किया निरीक्षण

**सागर।** दमोह लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचन में सागर जिले के तीन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें रहली, देवरी और बंडा शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने देवरी विधानसभा एवं रहली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदाताओं एवं मतदान अधिकारी, कर्मचारियों से चर्चा की एवं मतदान अधिक से अधिक कराने की अपील भी की। उन्होंने मतदान में संलग्न सुरक्षा कर्मियों से भी चर्चा की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के साथ देवरी विकासखंड के दूरस्थ ग्रामों में पहुंचे जहां लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण रूप से संपन्न होना पाया गया। इसी प्रकार वे रहली के विभिन्न मतदान केंद्र पर भी पहुंचे एवं मतदान के समाप्ति के बाद सीलिंग का कार्य भी देखा। उन्होंने मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम मशीनों की सीलिंग के पश्चात मतदान दलों को स्ट्रांग रूम सागर इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए रवाना कराया।

## मेहरागांव कलां में सुबह-शाम दो दूल्हा मतदाताओं ने किया मतदान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरेली

तहसील के बूथ क्र. 99 ग्राम मेहरागांव कलां में विवाहों की अधिकता के बाद भी दो दुल्हा बनें युवक अलग- अलग समय मतदान करेन पहुंचे। बीएलओ पंकज सिंह राजपूत ने बताया कि बारात जाने से पूर्व सुबह लगभग 11 बजें दुल्हा बने बिहारी हरिजन ने मतदान किया और उसके बाद बारात गांव से रवाना हो गई।

#### दुल्हन संग वोट डालने आया दूल्हा

मेहरागांव कलां के मतदान क्र. 99 शाम को अपनी दुल्हन के साथ दूल्हा कैलाश हरिजन द्वारा मतदान किया गया । जब कैलाश की बारात गांव वापिस आई तो उसने दुल्हन के साथ अपने घर पहुंचने से पूर्व मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान कर प्रजातंत्र के महाकुम्भ में वोट डालकर अपना दायित्व निभाया गया। मेहरागांव कलां के कुल 1175 में 678 महिला -पुरूष मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। मतदान 57 प्रतिशत रहा। कम मतदान का कारण ग्राम में विवाहों की अधिकता बताया जा रहा हैं। सुबह एवं शाम को जब दुल्हा राजा मतदान करने पहुंचे तो उनका मतदान कर्मियों द्वारा तिलक लगा कर स्वागत भी किया गया।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास और अर्थदंड

**सागर।** नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी नीरज अहिरवार को भा.द.वि. की धारा- 354 के तहत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड तथा पॉक्सों एक्ट की धारा- 7/8 के तहत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश नीलम शुक्ला जिला-सागर की अदालत ने दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की । घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता/पीड़िता ने 17 अगस्त 2023 को थाना में इस आषय की रिपोर्ट लेख कराई कि 16 अगस्त 2023 को शाम के समय वह उसके घर के सामने खड़ी थी एवं बाजार से उसकी मां के आने का इंतजार कर रही थी तभी अभियुक्त नीरज अहिरवार उसके पास आया और उसके कलई पकड़कर उसके साथ छेडछाड़ करने लगा वह चिल्लाई तो अभियुक्त उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी देने लगा। विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना द्वारा धारा 354, 506(भाग-2) भा.दं.सं. एव धारा 7/8 लैंगिक अपराधो से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित किया गया एवं अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया। जहॉ विचारण उपरांत तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सों एक्ट 2012) नीलम शुक्ला जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।

#### कांग्रेसी नेता ने छुछार में पत्नी के साथ डाला वोट

**हरिभूमि न्यूज. बरेली।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय मसानी छींद धाम के पास भूमि लेकर निवास कर रहे हैं। शुक्रवार को संजयमसानी ने अपनी पत्नी योति सिंह के साथ ग्राम छुछार के मतदान केंद्र पर मतदान किया। मसानी ने क्षेत्र के सभी महिला - पुरूष मतदाताओं से अधिकाधिक मतदान करने की अपील की।




### नगर निगम आयुक्त ने सफाई करने के दिए निर्देश

## बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति निर्मित न हो इसलिए वर्षा पूर्व की जा रही नाला-नालियों की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सागर

शहर में बारिश के दौरान जल भराव की स्थिति निर्मित न हो इसको दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा वर्षा ऋतु के पूर्व शहर के बड़े नाले एवं नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों के परिपालन में नगर निगम द्वारा नगर के समस्त वार्डों में 5 अप्रैल से शहर के मुख्य नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है। 5 अप्रैल से लगातार नाला सफाई का कार्य किया जा रहा है जिसमें अभी तक तहसीली से न्यू कॉलोनी, पुलिस लाइन, वी.सी. बंगला से पीतांबरा देवी मंदिर तक, सिविल लाइन स्थित दीपक स्टेशनरी से अशोक श्रीवास्तव के मकान के पीछे तक, तिलकगंज से सुराजी लाल लकड़ी टाल तक, लच्छू चौराहा से मीट मार्केट के पीछे तक, मोमिनपुरा सुभाष नगर मरघटा से शुरू होकर रेलवे अंडर ब्रिज तक नाला सफाई का कार्य प्रगति पर है।

श्रीराम कॉलोनी से चैतन्य अस्पताल तक नाला सफाई का कार्य किया जा चुका है।नगर निगम के स्वच्छता अधिकारी ने बताया कि नालों की सफाई का कार्य जहां तक मशीन पहुंच सकती है वहां पर मशीन से कराई गई है और जिस स्थान पर मशीन नहीं पहुंच पा रही है वहां सफाई मित्रों के द्वारा नाला सफाई का कार्य किया जा रहा है। नाला सफाई कार्य के दौरान मोहल्ले में जो नालियां बड़े नालों से जुड़ती हैं उनकी भी सफाई प्रतिदिन की जा रही है जेल के पीछे वाले नाले की सफाई मशीन से कराई गई है और जिस स्थान पर मशीन नहीं पहुंचेगी वहां पर सफाई मित्रों के द्वारा कराया जा रहा है। निगमायुक्त ने कहा है कि बारिश के पूर्व सभी छोटे- बड़े नाले-नालियों की सफाई का कार्य पूर्ण करें, जिससे शहर में बारिश के दौरान कहीं भी जल भराव की स्थिति निर्मित न हो, नाला सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

#### दूरस्थ शिक्षा में प्रवेश के लिए महार रेजीमेंट में कार्यशाला का आयोजन

**सागर।** भारतीय सेना के अग्निवीरों, सैनिकों के परिवारों, सैन्य अधिकारियों के शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं तकनीकी कौशल को विकसित करने हेतु डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर और महार रेजिमेंट केंद्र के साथ दूरस्थ शिक्षा के लिए किए गए अकादमिक समझौते के तहत पाठ्यक्रम उन्नयन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वक्तव्य देते हुए दूरस्थ शिक्षा संस्थान के समन्वयक डॉ. संजय शर्मा ने विवि के आयोजित किए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों, उनकी संरचना, परीक्षा, रोजगार संभावना आदि के विषय में सैनिकों को उन्मुख किया। भारतीय सेना की एक इकाई के रूप में महार रेजीमेंट जहां जाबाज एवं कुशल सैनिक तैयार कर रही है वहीं एक विश्वविद्यालय के रूप में दूरस्थ शिक्षा संस्थान अपनी भूमिका का निर्वाह करते हुए उन्हें शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं तकनीकी दक्षता के साथ डिग्री भी प्रदान करेंगे। इस कार्यशाला में पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ ज्ञानेश तिवारी ने मनोविज्ञान, परामर्श एवं निदर्शन विषयक पाठ्यक्रम तथा डॉ शालिनी चौईथ रानी ने पाठ्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## नगर सहित क्षेत्र के केंद्रों पर हुआ शांतिपूर्ण मतदान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरेली

26 अप्रैल शुक्रवार को नगर एवं क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर प्रातः मतदान प्रारंभ हुआ। प्रातः से चौधरी चौंक एवं कुछ अन्य मतदान केंद्रों पर मतदान के लिए लाइनें लगी रही। भारी गर्मी , तेज धूप से बचने और विवाह - बारातों में सम्मिलित होने अन्य स्थानों पर जाने वालों ने सबसे पहले प्रजातंत्र के महाकुम्भ में वोट रूपी आहुति डाली गई। मतदान केंद्रों पर प्रातः 7 बजें मतदान करने आने वालो का फूल -मालाएं डाल कर स्वागत भी किया गया।

होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में उदयपुरा बरेली विधानसभा आती हैं। विधान सभा क्षेत्र मं लगभग पौने तीन लाख महिला पुरूष मतदाता, मतदान के लिए &08 मतदान केंद्र बनाये गए थे। इनमें 1&& मतदान केंद्र संवेदनशील होने के कारण वीडियोंग्राफी की विशेष व्यवस्था की गई थी । नगर के 15 वार्डों के मतदाताओं के लिए 27 मतदान केंद्र बनाए गए गए थे।

#### 7 बजे से मतदान प्रारंभ

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर प्रातः 7 बजें से मतदान प्रारंभ हुआ। पुरानी बस्ती के चौधरी चौक शाला में बनें मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदान के लिए लाइन लगी रही। इसी प्रकार की स्थिति अन्य मतदान केंद्रों पर रही। गर्मी धूप से बचने और विवाहों में सम्मिलित होने के लिए सुबह - सुबह मतदान केंद्रों पर भीड़ और लाइनें लगने की स्थिति देखी गई। इसी प्रकार की स्थिति ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर भी बनी रही। मतदान केंद्रों पर धूप गर्मी से बचाव के लिए टेंट लगाकर छाया की भी व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्रों के मंदिर परिधी के बाहर भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता मतदाताओं की मदद के लिए संक्रिय बने रहे।

#### पटेल की तीन पीढ़ियों ने एक साथ किया मतदान




**बरेली।** उदयपुरा बरेली विस के विधायक एवं प्रदेश के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने नगर बालक हासे. के मतदान केंद्र 84 में मतदान किया । मतदान केंद्र पर बने सेल्फी पाइंट पर एक साथ फोटो भी खिंचवा कर क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अधिकाधिक संख्या में मतदान की अपील की। नाहर कालोनी निवासी भाजपा के नेता और अभा किरार क्षत्रिय महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी पटेल , उनके पुत्र प्रदेश के राज्यमंत्री नरेंद्र पटेल एवं नरेंद्र पटेल पुत्र अभिज्ञान पटेल तीन पीढ़ी ने एक साथ मतदान किया।

#### थैले और कांच के गिलास देकर अमानक पॉलीथिन और डिस्पोजलों का उपयोग ना करने का संदेश दिया

**सागर।** अमानक पॉलिथीन का प्रचलन वर्तमान समय मे स्वच्छता, पर्यावरण प्रदूषण, भूमिगत जल स्त्रोतों का प्रदूषण, और जानवरों की असमय मृत्यु की सबसे बड़ी समस्या बनती जा रही है, इसलिए जरूरी है कि स्वयं इसका प्रयोग ना करें और दूसरों को भी इसके प्रयोग करने से रोकने के लिए प्रेरित करें ताकि इसके प्रचलन को रोकने नागरिकों में जागरूकता आये और इसके विकल्प के रूप में नागरिक कपड़े से बने थे थैलों और कागज के लिफाफो का प्रयोग करें जिसके दो फायदे हैं, एक पॉलिथीन के रूप में प्रतिदिन घरों में आने वाला कचरा रुकेगा और दूसरा कपड़े से बने थैलों में सामग्री लाने से वह प्रदूषित नहीं होगी।सागर का सुकून अभियान के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा जिस प्रकार डिस्पोजल सामग्री और अमानक पॉलिथीन के प्रचलन को रोकने नागरिकों को जागरूक करने के लिए सांकेतिक रूप से चाय ठेला वालों को कांच के गिलास देकर इनका उपयोग करने और कपड़े से बने थैलो को देकर लगातार जागरूक किया जा रहा है।इसी मुहिम के अंतर्गत निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सुबह सब्जी मंडी पहुंचकर वहां पॉलिथीन में सब्जियां खरीद रहे नागरिको को कपड़े से बने थैले वितरित करते हुए अपील की कि खाद्य सामग्री, फल सब्जी को लाने ले जाने में कपड़े से बने थैलों का उपयोग करें।

**खबर संक्षेप**

## दीक्षा जयंती पर 65 लोगों ने किया रक्तदान

**आष्टा।** श्री महावीर जन्म कल्याणक एवं जिन शासन गौरव आचार्य उमेशमुनि महाराज की दीक्षा जयंती पर जादूगर ग्रुप आष्टा ने शहरी प्राथमिक केंद्र आष्टा में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में 65 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि पारसमल सिंघवी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. नेहा अरोरा, जैन श्वेतांबर संघ अध्यक्ष पवन सुराणा एवं ग्रुप के पंकज राठी थे। शिविर में विजय खंडेलवाल, प्रदीप राठौर, त्रिलोक जैन, आनंद खंडेलवाल, आलोक वोहरा, मनीष जैन, नीलेश खंडेलवाल, गौरीशंकर राठौर, बंटी जायसवाल, सुमित मेहता, कुलदीप कोचर सहित ग्रुप के सदस्यों का सहयोग रहा। आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## बस स्टैंड पर प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**आष्टा।** शहर के बस स्टैंड पर आज गर्मी को देखते हुए लोगों की सुविधा के लिए प्याऊ का शुभारंभ किया गया।बस स्टैंड के पास पुलिस चौकी के पास लगाया गया है प्याऊ आष्टा प्रेस क्लब रजिस्टर्ड की तरफ से लगाया गया है। आष्टा प्रेस क्लब रजिस्टर्ड के अध्यक्ष बाबू पांचाल ने बताया की अप्रैल माह शुरू होते ही गर्मी शुरू हो गई है ऐसे में बस स्टैंड पर यात्री इधर-उधर भटकते थे इसी को देखते हुए आष्टा प्रेस क्लब टीम ने प्याऊ खुलवाया।

## जोगेंद्र सेन ने प्राप्त किए 90.4% अंक



**सीहोर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पाटन में पढ़ने वाले जोगेंद्र सेन पिता सुनील सेन ने 12 वी की परीक्षा में 452 अंक प्राप्त किए। जोगेंद्र सेन ने बताया कि उनकी इस सफलता के पीछे स्कूल शिक्षकों की मेहनत और घर वालो का सयोग रहा है। जोगेंद्र सेन के पिता सुनिल सेन घर पर हमेशा पढ़ाई में मदद करते थे अच्छे परिणाम के लिए स्कूल में शिक्षकों द्वारा पूरी मेहनत की जाती है। अच्छे अंक प्राप्त करने पर स्कूल शिक्षकों व गांव के लोगों ने बधाई दी।

### बोर्ड परीक्षा परिणाम आते ही विद्यार्थियों के खिले चेहरे

# उत्कृष्ट, सेक्रेड, मार्टिनेट, एंजल, एसबीएस स्कूल के छात्रों ने जिले की मैरिट सूची में स्थान बनाया

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वर्ष 23-24 का परीक्षा परिणाम घोषित किया। शिक्षा मंडल द्वारा जारी मेरिट लिस्ट के आधार पर जिले ने हाईस्कूल व हॉयर सेकेण्ड्री परीक्षा में प्रदेश में 7 वॉ स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले का शिक्षण स्तर बेहतर बनाने के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये थे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री संजय तोमर ने बताया कि दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत जिले के हाईस्कूल एवं हॉयर सेकेण्ड्री में सीहोर जिले ने प्रदेश में 07 वॉ स्थान प्राप्त किया ।माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा जैसे ही आज शाम 4 बजे हाईस्कूल एवं हॉयर सैकेण्ड्री के परीक्षा परिणाम घोषित हुए वैसे ही विद्यार्थियों में उत्साह नजर आया। इसी क्रम मे नगर के विद्यालय मार्टिनेट कान्वेन्ट हॉयर सैकेण्ड्री स्कूल अलीपुर आष्टा के विद्यार्थी आयुष जाटव पिता श्री दयाराम जाटव ने हाईस्कूल परीक्षा में 95.4% प्राप्त कर जिला मेरिट सूची मे तृतीय स्थान एवं कक्षा 12वीं की छात्रा तसमिया सिद्धीकी पिता श्री कसीर अहमद ने जिला मेरिट की कामर्स संकाय मे 92.8% प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया।विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक नोशे खान एवं प्राचार्य विनीत कुमार त्रिवेदी एवं समस्त स्टॉफ ने बधाई प्रेषित की । इसी प्रकार अक्षिता रावत सुपुत्री महेंद्र रावत ने 95% अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम एंजेल्स पब्लिक स्कूल आष्टा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करके परिवार और स्कूल का नाम रोशन किया।

### एंजल स्कूल के मोहित ने जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया

शहर के एंजल्स पब्लिक हाई स्कूल आष्टा के कक्षा दसवीं के छात्र मोहित बघेल ने अपने माता पिता स्कूल का नाम रोशन करते हुऐ बुधवार को कक्षा दसवीं के आए परिणामों में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान छात्र मोहित के पिता उमेश बघेल और माता ममता बघेल न अपने पुत्र की उपलब्धि पर गर्व महसूस किया और कहा की यह उसकी मेहनत का परिणाम है वही सीहोर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय एंजल स्कूल का तथा अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया। विद्यालय परिवार मोहित के उज्वल भविष्य की कामना करता है। वही शहर के पत्रकार अमित मकोड़ी के पुत्र परिन मकोड़ी ने भी 10 वी के परीक्षा परिणाम में 87 प्रतिशत प्राप्त कर अपने माता पिता का नाम रोशन किया!

### एसबीएस कांवेंट हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा



माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल/हायर सेकंडरी परीक्षा में नगर की अग्रिणी संस्था एस बी एस कान्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल आष्टा ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिया। विद्यालय की दसवीं कक्षा प्रथम श्रेणी में प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राएं रौनक सेन ने 92% अभिषेक वर्मा ने 91% ,गिरजा ठाकुर 90%, रौनक वर्मा 89% भावना पाटीदार 89%,₹ रुचि वर्मा 86%, आयुष परमार 85%, विधि चन्द्रवंशी 84%, वेदिका ठाकुर 84%, कल्पना सोनगर 81%, शुभम ठाकुर 79% लक्की ठाकुर 77% अभिषेक मेवाड़ा 77% कुमकुम मेवाड़ा 76% अनुष्का ठाकुर 75% कुमकुम ठाकुर 74% यशिका ठाकुर 73% अंशदीप ठाकुर 71% शिवम वर्मा 71% पलक मेवाड़ा 71% निखिल ठाकुर 71% आयुष ठाकुर 71% ज्योति वर्मा 70% अमन कुशवाहा 70% वन्दना मेवाड़ा 69% राजविनायक ठाकुर 69% रघुवीर ठाकुर 68% जयदीप ठाकुर 68% रविन्द्र मेवाड़ा 68%सपना कुशवाहा 68% आयुष मेवाड़ा 67% यशिका ठाकुर 67% मुस्कान विश्वकर्मा 66% अस्मिता ठाकुर 66% शुभम किरार 65% सुजल ठाकुर 65% सुमित पाटीदार 65% सुमित ठाकुर 64% परी ठाकुर 64% , विद्यालय का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 92% रहा ,बारहवीं की कक्षा में रितु पाटीदार ने 87% सपना ठाकुर 86% शिवानी परमार 86% कशिश ठाकुर 83% अनमोल ठाकुर 83%,सृष्टि ठाकुर 81% अर्पिता ठाकुर 81% मुस्कान करमोडिया 79% प्रियांशी मालवीय 79% यशराज बड़ोदिया 78%,कुमकुम वर्मा 77% आदित्य ठाकुर 76% आर्यन ठाकुर 75% पूजा सुलिया 75% साक्षी सोजतिया 74% अंशिकावर्मा 73%दीपक ठाकुर 72% राखी पोरवाल 72% आदित्य ठाकुर 71% प्रियंका किरार 70% हर्षिता ठाकुर 70% तनु पाटीदार 69% आदर्श ठाकुर 68%, दीपक ठाकुर 68% टीना गुणवान 65% दीपक जाट 64% दुर्गेश चन्द्रवंशी 62% , सुजल पाल 62% श्रद्धा करमोदिया 62% ऋषिराज ठाकुर 61% भविष्य विश्वकर्मा 60% कृष्णपाल ठाकुर 60% अंक अर्जित कर विद्यालय में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया, स्कूल के 32 छात्र/छात्राओ ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की विद्यालय संचालक श्री भोलू सिंह ठाकुर,सह संचालक श्री जीवन सिंह ठाकुर ,प्राचार्य श्रीमती रीना ठाकुर ने विद्यालय का हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 89% आने पर विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी। साथ ही शिक्षक महेंद्र ठाकुर ,पुष्पेंद्र ठाकुर, जितेंद्र खत्री, प्रसन्न श्रीवास्तव, धांरवा सर, शेख जावेद,राजेश बड़ोदिया,इंदर धनगर, राम विश्वकर्मा,अनिल सर,शिक्षिका पूजा सिलेरिया,अर्चना ठाकुर, तेजु मेवाड़ा, नेहा पांचाल, दिव्यांशी भूतिया,अक्षिता सेन, सरिता गौतम, पूर्वा गौतम, ज्योति जैन, रानी ठाकुर इत्यादि द्वारा छात्र-छात्राओं/को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# किराएदारों की जानकारी नहीं देने पर मकान मालिक पर होगी कार्रवाई

**पुलिस के पास नहीं हुआ वेरिफिकेशन**




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर व अलीपुर क्षेत्र में इन दोनों बाहरी लोगों को किराएदार के रूप में रख रहे हैं। इनकी कोई सूचना पुलिस को नहीं दी जा रही है। जिससे इनका पुलिस के पास भी कोई वेरिफिकेशन नहीं है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि किराएदारों की जानकारी नहीं देने पर मकान मालिक पर ही कार्रवाई की जाएगी।

नगर में इस समय छात्रों के अलावा बाहरी लोग बड़ी संख्या में नगर की कई कॉलोनी में रह रहे हैं। किराए के लालच में मकान मालिक भी उनके बिना जांच पड़ताल किए ही अपने मकान में रहने दे रहे हैं। इसकी सूचना मकान मालिक पुलिस को नहीं देते हैं। स्वयं भी किराएदार का फोटो, आधार कार्ड, वोटर आईडी नहीं लेते हैं। जिससे यह होता है कि बाहरी व्यक्ति अपराध करके निकल जाता है। इसकी कोई सूचना नहीं मिल पाती है। कुछ मकान ऐसे भी हैं जिनमें मकान मालिक नहीं रहते। ऐसे में किराएदारों की गतिविधि के बारे में मकान मालिकों को भी पता नहीं रहता है। जिसे पकड़ने में पुलिस को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

बिना जांच के दे रहे किराए पर मकान मकान मालिक शहर के व्यक्ति व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लोग जो नगर में कार्य करते हैं या फिर अपनी पढ़ाई करने के लिए किराए से रहते हैं। उन्हें कम ही मकान मालिक किराए से कमरे देते हैं। लेकिन अगर कोई बाहर का व्यक्ति आता है तो उसे मनमाने रेट पर देते है। यहीं लालच मकान मालिक को रहता है।इसलिए वो ज्यादातर बाहरी व्यक्ति को बिना जांच पड़ताल के मकान किराए से दे देता हैं।

# सांची के सेंट जेवियर हाई स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची



सेंट जेवियर्स हाई स्कूल के बच्चों ने कक्षा पांचवीं आठवीं और दसवीं के बच्चों ने 90 % अंक से ऊपर बनाकर मां-बाप और अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। बच्चों के ऊपर अपने मां-बाप और स्कूल के शिक्षकों की पूरी जिम्मेदारी रहती है उनका बच्चा पढ़ाई में अव्वल नंबर आऐ हर व्यक्ति अपने बच्चों को आगे बढ़ाते हुए देखना चाहता है सेंट जेवियर के बच्चों ने अपने स्कूल का नाम रोशन करते हुए । दसवीं क्लास के टॉप फाइव 1 आयुषी राजपूत 93.2% 2 गार्गी यादव 93.2% 3 रितिका राजपूत 92.8% 4 रुद्रांश सेंगर 92.4% 5 ध्रुव बलिया 92% इसी प्रकार से आठवीं क्लास देवेंद्र वर्मा 90.5 पायल जाट 88.66% स्मृति राजपूत 85.5 अंश राय 85.5% अरसू लोधी 85.33 इसी प्रकार से पांचवी क्लास तनिष्का साहू 91% उम्रमंसूरी89.5% भाव्यांश राजपूत 84.5% उज्वल सिंह 84.25% अंशिका वास्तव 81.5 इन सभी कक्षाओं के बच्चों ने अपनेस्कूल का नाम रोशन किया है।

# जुआ खिलाने और पत्थर बाजों पर होगी कार्रवाई



**दीवानगंज।** दीवानगंज रेलवे स्टेशन पर कई दिनों से चेन पुलिंग, गोलगप्पे ,जुआ खिलाने को लेकर शिकायत आ रही थी। दीवानगंज रेलवे स्टेशन सेमरा पर खड़ी बलिया एक्सप्रेस में भीड़ भाड़ की सूचना मिलने पर गुरुवार को विदिशा से आरपीएफ रेलवे स्टेशन दीवानगंज सेमरा पर पहुंची। दीवानगंज स्टेशन पर रहने वालों ने बताया की रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में कुछ अज्ञात लोग इकट्ठा होकर ट्रेन में बैठे यात्रियों को परेशान कर रहे हैं। इसी दौरान आरपीएफ को सूचना मिली तो रेलवे स्टेशन दीवानगंज सेमरा आरपीएफ पहुंची। दीवानगंज स्टेशन सहित आसपास स्टेशनों पर बड़ी संख्या में ट्रेनों की चेन पुलिंग की घटनाएं सामने आ रही है। दीवानगंज रेलवे स्टेशन पर गोलगप्पे और जुआ खिलाने वाली गैंग बहुत दिनों सक्रिय बनी हुई है। इससे पहले भी यहां गैंग आसपास के कई स्टेशनों पर गोलगप्पे और जुआ खिलाती रहती है। ट्रेनों पर पत्थर बाजी और ट्रेनों में गोलगप्पा की घटना पर अंकुश लगाने के लिए विदिशा से आरपीएफ उप निरीक्षक आरके कौशिक ने मौके पर पहुंचकर रेलवे स्टेशन दीवानगंज सेमरा के सरपंच भानु लोधी और रेलवे स्टेशन दीवानगंज सेमरा के निवासी से संवाद किया। उन्होंने कहा कि ट्रेनों पर पत्थर फेंकने वाले और ट्रेन में गोलगप्पे जुआ खिलाने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले भी कई बार रेलवे स्टेशन दीवानगंज सेमरा में गोलगप्पे और जुआ खिलाने वाली गैंग सक्रिय थी।

## 9 दिवसीय नवपद ओली जी का हुआ समापन



**आष्टा।** चैत्र माह में नगर के विभिन्न समाजों के धार्मिक स्थलों पर धर्म आराधना भक्ति-भाव के साथ की गई। श्री महावीर स्वामी श्वेतांबर जैन मंदिर नजर गंज में महिलाओं ने 9 दिनों तक नवपद ओली जी की आराधना व तपस्या भक्ति भाव से की। नवपद ओली जी की तपस्या में महिलाएं बिना नमक का भोजन मंदिर के उपाश्रय में एक साथ और एक ही समय करती है। उसके पहले धर्म आराधना, पूजा भक्ति करती है।गंज मंदिर में प्रतिवर्ष चैत्र मास में नवपद ओली जी की आराधना समाज की महिलाएं करती है। चैत्र पूर्णिमा का इस नवपद ओली जी की आराधना में विशेष महत्व बताया गया है।

# जीने की राह बताती है श्रीराम, हनुमान कथाः आचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जीवन में भाई-भाई के साथ, पुत्र-पिता के साथ, पत्नि-पति के साथ, मित्र-मित्र के साथ तथा अपने से असहमत जन के साथ कैसा हम व्यवहार करें यह श्रीराम कथा सिखाती है। धार्मिक कथाएं जब ही हमें फल देती हैं जब हम प्रभु में तथा अपने ईष्ट में पूर्ण श्रद्धा व विश्वास रखें। इससे और भी गहराई में जाएं तो श्रीराम कथा हमें स्वयं का धर्म क्या हो, कर्म क्या हो यह बताती हैं।

यह बातें श्री मारुती नंदन रूद्रयत पुनर्रावति हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा, पूजन हवन प्राण प्रतिष्ठा तथा राम, हनुमान कथा के दौरान व्यास पीठ पर विराजित वृंदावन से पधारे आचार्य द्रोणवीर ने कहीं। साथ ही कार्यक्रम पूर्ण धार्मिक विधि विधान से संपन्न हुआ। गांव सियाखेड़ी जोड़ पर संयोजक दिलीप परमार ने अपने परिवारजन तथा ग्रामीणजन के सहयोग से कार्यक्रम को संयोजित किया था। समापन बेला के अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री तथा नगरपालिका परिषद आष्टा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि आयोजक ने अथक श्रम कर सुन्दर आयोजन किया तथा प्रख्यात प्रवचनकार आचार्य द्रोणवीर जी ने मनोहरी कथा कहकर हम सब को जीवन जीने हेतु एक पथ दिखाया है। आयोजकों ने पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार से व्यास पीठ की पूजा भी करवाई।

**सांची महिला बाल विकास के अधिकारियों की मनमानी**

# सेक्टर दीवानगंज मगर रातातलाई सलामतपुर में ली जाती है मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



- मीटिंग में जाते वक्त कार्यकर्ता को मुक्तापुर में आया चक्कर, मोटरसाइकिल से गिरकर हुई घायल
- जिले के महिला बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी को ही नहीं पता कि मीटिंग कौन रखता है
- जम्मिेदार अधिकारियों की मनमानी के चलते 34 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता परेशान

सांची महिला बाल विकास परियोजना के अधिकारी कर्मचारियों की मनमानी के चलते सेक्टर दीवानगंज की 34 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ता परेशान है। क्योंकि इनका सेक्टर तो दीवानगंज है मगर सेक्टर कोऑर्डिनेटर द्वारा रातातलाई में इनकी मीटिंग ली जाती है। जबकि दीवानगंज से रातातलाई सलामतपुर की दूरी 15 किलोमीटर से भी ज्यादा है। जब की ग्रामीण क्षेत्र की कार्यकर्ताओं के लिए तो यह दूरी और भी ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसी भीषण गर्मी में दीवानगंज सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को रातातलाई आंगनवाड़ी में मीटिंग के लिए बुलाया जाता है। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को हुआ जहां मुश्काबाद इंदिरा आवास आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता सफीना बी को मीटिंग में शामिल होने रातातलाई सलामतपुर जाते वक्त भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे मुक्तापुर पर अचानक गर्मी के कारण चक्कर आ गया और मोटरसाइकिल से गिर गई। जिससे उनके सिर में और हाथ पैरों में चोटें आई हैं। बता दे की दीवानगंज सेक्टर की सभी कार्यकर्ता हमेशा दुखी रहती है कि दीवानगंज छोड़कर उनकी मीटिंग रातातलाई में ली जाती है तो कभी मुक्तापुर केंद्र पर ली जाती है। आखिर सेक्टर मुख्यालय किस लिए है और मीटिंग वहां पर क्यों नहीं ली जाती। जबकि शुक्रवार को सलामतपुर में साप्ताहिक हाड बाजार रहता है। जिससे वहां पर भीड़ भाड़ भी ज्यादा रहती है। जैसे तैसे कार्यकर्ता सलामतपुर पहुंच जाती हैं मगर सलामतपुर से रातातलाई जाने के लिए लगभग एक से दो किलोमीटर अंदर पैदल जाना पड़ता है। परियोजना के अधिकारी कर्मचारियों और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की मनमानी से कार्यकर्ता परेशान हैं।

**जानकारी नहीं**

आप संबंधित से बात करिये। मुझे इसकी जानकारी नहीं है। बैठक किसने रखी है मुझे नहीं मालूम। पता करके बताता हूं मैं अभी मीटिंग में हूं।

**दीपक संकत, महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी रायसेन।**

**चैत्र मास के पर्यूषण महापर्व पर महिला मंडल की महिलाओं ने झुलाया पलना**

# सामूहिक पूजा-अर्चना का विशेष महत्व हैः मुनि सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



क्षमा आपके पास है और क्रोध उनके पास है। क्षमा वीरों का आभूषण है।कोई क्षमा मांगता है तो क्षमा अवश्य करें, क्रोध नहीं करें। वर्तमान में सम्यक है, दर्शन है लेकिन मोक्ष नहीं है। सामूहिक का आनंद अलग है, सामूहिक पूजा -अर्चना करें। पूजा व जिनवाणी पूर्ण होने पर ही उठे,बीच में नहीं उठना चाहिए। संवर्ग निर्जरा सामूहिक पूजा अर्चना करने से होती है।

आप लोग जीवन को उन्नत व सम्यक प्राप्त करना चाहते हो तो अहम छोड़ दो। आने वाली पीढ़ी को दायित्व सौंपों। युवाओं से ही देश व धर्म की रक्षा होगी। धर्म आराधना करने के लिए लोगों के पास समय नहीं है। शिखर जी से अच्छा आनंद श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन किला मंदिर पर आता है। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनिश्री ने कहा आप लोगों का मन किला से नीचे लगता है, हमारा मन किला पर लगता है, क्योंकि यह किला मंदिर सम्मेद शिखर से कम नहीं है। हमेशा त्यौहार का माहौल बना रहे। गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज की यहां समाधि से सोना में सुहागा हो गया। सबसे क्षमा सबको क्षमा मांगी। चैत्र मास के पर्यूषण महापर्व के समापन पर क्षमा पर आपने कहा कि दुश्मन से बातचीत कर क्षमा मांगे। चैत्र माह में दसलक्षण पर्व मनाए। यह महा पर्व है, इसमे भी सार निकाल कर कुछ पाने का प्रयास करे। आपने कहा कि इन सभी पर्वो का सार क्या है, हम लोगो ने मोह महा मद पियो अनादि से सद्गुरु के सानिध्य बिना कुछ सम्भव नही ।गुरु वाणी सुन कर बड़ो की सीख सुन कर ही कल्याण कर एकता से रहे। जितने भी हमारे पर्व है भीतर अर्थात मन की सफाई के पर्व है, बाहर की सफाई के नही। मुनि सागर महाराज ने कहा सुनना सरल है जीवन मे उतारना उतना ही कठिन है।दोस्त दुश्मन न बन जाये दुश्मन दोस्त बन जाये ,ऐसे कार्य करें ,ऐसा व्यवहार करें। सोलहकारण भावना के माध्यम से ही तीर्थंकर भगवान ने मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया था।जो छोटे होते है उनको थोड़ा प्यार दे दो।आज क्षमा वाणी पर्व है ,अपने अंदर क्षमा भाव को धारण करें। अपनी वाणी को संभाले।

दैनिक जीवन मे साल में तीन बार आने वाली क्षमा पर्व पर हल्का हो लिया करो ,जिनसे गलती होती हो उनसे क्षमा मांग कर मन को साफ कर लिया करो। क्रोध का भाव छोड़ कर अपना जीवन सफल बना लो। गांठ बना कर मत रखना, इसी लिए यह दसलक्षण पर्व आये है,साल में तीन बार आते है ।पर्व माघ मास में ,चैत्र मास में तथा भादो मास में, इसी तरह मना कर धर्म प्रभावना करते रहे।